## खबर संक्षेप

### गेहूं व्यापारी स्टॉक की करें ऑनलाइन घोषणा

**कटनी।** कृषि उपज मंडी में पंजीकृत व्यापारी एवं खाद्य सुरक्षा विभाग में पंजीकृत गेहूं के व्यापारियों द्वारा भारत सरकार की जारी अधिसूचना अनुसार स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा किया जाना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अभिहित अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई है कि थोक व्यापारी एवं विक्रेता के लिए गेहूं के स्टॉक की सीमा 250 मेट्रिक टन, रिटेलर के लिए 4 मेट्रिक टन और बिग चेन रिटेलर के लिए भी 4 मेट्रिक टन प्रति आउटलेट तथा प्रोसेसर के लिए स्थापित क्षमता के 50 प्रतिशत मात्रा की स्टॉक सीमा निर्धारित की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधीन पंजीकृत एवं गेहूं के स्टॉक का कारोबार करने वाले समस्त खाद्य कारोबारकर्ता को निर्धारित स्टॉक सीमा का पालन कर गेहूं स्टॉक संधारित करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर भी नियमित रूप से स्टॉक की ऑनलाइन घोषणा करना अनिवार्य है। इस संबंध में शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए समस्त पंजीकृत एफएसएसएआई लाईसेंस व पंजीयन प्राप्त समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को सूचित किया गया है।

### आवास प्लस सर्वे की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री मण्डल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये (2024-25 से 2028-29) मंजूरी प्रदान की गई। उक्त संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने हेतु आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। संदर्भित पत्रों के माध्यम से उक्त सर्वे कार्य 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा आवास प्लस 2024 सर्वे की समय सीमा को एक महीने के लिये बढ़ा कर 30 अप्रैल 2025 की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि समय-सीमा मे पात्र परिवारों का सर्वे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करे तथा यह भी सुनिश्चित करे कि सर्वे से कोई भी पंचायत, ग्राम, टोला, मजरा आदि न छूटे एवं समस्त पात्र परिवारों का सर्वे सूची में नाम दर्ज हो।

### तुअर फसल के पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल पर 25 मार्च 2025 से 20 अप्रैल 2025 तक तुअर का पंजीयन किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर तुअर की उपार्जन नीति के अनुसार समर्थन मूल्य रूपये 7550 प्रति क्विंटल पर तुअर का उपार्जन 10 अप्रैल 2025 से 10 जून 2025 की अवधि में किया जाएगा। तुअर फसल का पंजीयन 20 अप्रैल 2025 तक निर्धारित पंजीयन केन्द्रों में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कृषक एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, लोकसेवा केन्द्र, सायबर कैफे एवं स्वयं के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं उप संचालक कृषि द्वारा किसानों से अपील की गई है कि किसान नियत समय अवधि में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपज का पंजीयन कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

### श्रमिकों का पंजीयन अभियान 17 अप्रैल तक

**कटनी।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संगठित और असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ गिग एवं अन्य प्लेटफार्म वर्कर जैसे कि स्विगी, उबर, ओला, एमेजॉन, जोमेटो, ब्लिंक कामर्स, ई- कॉम, अंकल डिलेवरी एक्सप्रेस, आदि के लिये कार्यरत श्रमिकों के श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए 17 अप्रैल तक अभियान चलाया जा रहा है।

## विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र में नियमों को धता बताकर भाजपा नेता का चल रहा क्रशर प्लांट

# क्रशर प्लांट में नियम दरकिनार, धूल डस्ट लोगों को बना रही बीमार, अधिकारियों को नहीं कोई सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के कैमोर मैहर मार्ग में स्थित भाजपा नेता के क्रशर प्लांट में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। क्रशर प्लांट संचालन के नियम हैं कि इससे लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए बकायदा नियमों की लंबी फेहरिस्त बनाई गई है लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते। क्रेशर प्लांट स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ हैं। क्रेशरो से उड़ती हुई धूल बीमारियों को बढ़ावा दे रही है। स्टोन क्रेशर से निकलने वाली धूल की वजह से खेतों में लगी फसल के उत्पादन में दिनों दिन कमी आ रही है। क्रेशर प्लांट से निकलती हुई धूल क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए बीमारियां परोस रही है तो वही नागरिकों को टीवी दमा, श्वास, चर्म रोग एवं अन्य बीमारियां उत्पन्न हो रही है। क्रेशर संचालकों के द्वारा समय-समय पर ना तो पानी का छिड़काव करवाया जाता है और ना ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यह किसी तरह का कैंप लगाकर लोगों की जांच की जा रही है जिससे लोगों की समस्याओं को कम किया जा सके।



प्लांट में नियमों का पालन नहीं हो रहा है फिर भी यह क्रेशर अफसरों के आशीर्वाद से चल रहा है। आसपास के रहवासी क्षेत्र के लोग प्रदूषण से त्रस्त हो चुके हैं, लेकिन क्रेशर संचालक अपनी मनमानी पर उतारू है। क्रेशर प्लांट से उड़ने वाली धूल डस्ट से आसपास रहने वाले ग्रामीणों को प्रदूषण से बचाने का कोई इंतजाम नही किया जा रहा। बता दें कि क्रेशर संचालको द्वारा लाइसेंस लेने के लिए नियम का पालन करने की लिखित अनुमति दी जाती है, इसके बावजूद नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। संचालक शासन की ओर से निर्धारित मानकों का पालन नहीं करते हैं, जिसकी सजा ग्रामीण भुगत रहे हैं। ग्रामीणों ने क्रेशर से उड़ रही धूल को बंद कराने प्रशासन से मांग की है।

### तो निरस्त हो जाएगी अनुमति

स्टोन क्रशर संचालित करने के लिए पर्यावरण विभाग अपनी सम्मति देता है और क्रशर संचालक इन शर्तों को मानने के लिए अपनी सहमति देता है एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी की गई सम्मति में इस बात का उल्लेख रहता है कि यदि पर्यावरण विभाग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का संचालक पालन नहीं करता है तो सम्मति/अनुमति स्वमेव निरस्त मानी जाएगी ।

व्यवस्थापिका बहुत निष्कर्ष के बाद नियम बनाती है जिसको क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी कार्यपालिका की होती है लेकिन कार्यपालिका वाले चुप क्यों हैं पता नहीं। सरकार को पता है कि धूल के कण मानव जीवन एवं वन्य जीवों के लिए खतरनाक है। बहुत कठिन नियम नहीं है लेकिन सफेदपोश संचालक नियमों को धता बताकर क्रेशर का संचालन कर रहे हैं। वार्षिक निरीक्षण में अधिकारी क्या निरीक्षण करते है समझ से परे है। नियमों की अवहेलना करके भाजपा नेता क्रशर प्लांट का संचालन कर रहा है ,आमजन एवं आवागमन करने वाले नागरिक परेशान हैं।

### प्लांट संचालन के नियम

1 - सड़क से 100 मीटर दूरी पर स्टोन क्रशर स्थापित होगा।
2 - क्रशर प्लांट परिसर के मध्य में स्थापित होगा।
3 - प्लांट के चारों तरफ कम से कम 15 फिट की ऊंची दिवाल का निर्माण किया जाएगा अब ऊंचाई 25 फीट कर दी गई है।
4 - 15 फिट ऊंची दिवाल के अंदर अधिकतम 13 फीट ऊंचाई पर कच्चे का भंडारण होगा।
5 - अगर 13 फीट ऊंचाई से अधिक खनिज का भंडारण होना है तो प्रत्येक एक फिट माल की ऊंचाई के विपरीत दिवाल की ऊंचाई 2 फिट तक बढ़ाई जाएगी।
6 - धूल कणों को रोकने के लिए डस्ट एक्सपट्रैक्टर्स और वॉटर स्प्रिंकल्स विधि अपनाई जाएगी।
7 - प्लांट परिसर में पानी का छिड़काव किया जाएगा।
8 - ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए स्टोन क्रेसिंग संयंत्र को बंद दीवालो वाले चैंबर में स्थापित किया जाएगा।
9 - प्लांट परिसर के सभी मार्ग एवं मुख्य सड़क से जुड़ने वाले मार्ग पक्के रहेंगे।
10 - प्लांट परिसर के अंदर 7 से 10 मीटर चौड़ी तीन कतार में चारों तरफ धूल कण रोकने वाली पेड़ो की हरित पट्टी का विकास किया जाएगा।

### नरवाई जलाने पर एक और एफआईआर दर्ज

**कटनी।** जिले में नरवाई जलाने पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा जारी किए गये प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी इसका उल्लंघन कर फसल अवशेष जलाने वाले ढीमरखेड़ा के ग्राम परसेल निवासी इंद्रा सिंह के विरूद्ध पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ग्राम आमाझाल के ग्राम कोटवार विजय दाहिया ने पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में लिखित आवेदन, मौका पंचनामा और प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि ग्राम परसेल निवासी इंद्रा सिंह द्वारा ग्राम आमाझाल के पटवारी हलका नंबर 73 खसरा नंबर 8 में रबी फसल की नरवाई में आग लगाना पाया गया। जो कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन है। जिसके लिए पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बताते चले कि जिले के पुलिस थाना ढीमरखेड़ा में दर्ज की गई यह तीसरी एफआईआर है। इसके पहले यहां ढीमरखेड़ा थाने में दो प्राथमिकी 4 व्यक्तियों के विरूद्ध दर्ज की जा चुकी है। इस प्रकार जिले मे अब तक पांच व्यक्तियों के विरूद्ध नरवाई जलाने पर 3 एफआईआर दर्ज हो चुकी है।कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अपने खेतों में खड़े डंठलों, फसल अवशेष नरवाई को न जलायें।

## एफपीओ के संचालन के लिए बनाई जाए एक कार्ययोजना

# जिला सीईओ ने की वाटरशेड योजना के एफपीओ की समीक्षा कर दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत की अध्यक्षता में उपसंचालक कृषि विभाग, नाबार्ड, सहकारिता विभाग एवं किसान उत्पादक संगठन के अध्यक्ष के साथ वाटरशेड योजना के माध्यम से गठित एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के संचालन के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।

बैठक में कृषि विभाग के उपसंचालक मनीष मिश्रा ने एफपीओ द्वारा ली जा सकने वाली गतिविधियों के संबंध में सदन को अवगत कराया एवं नाबार्ड के जिला अधिकारी विकास जैन द्वारा नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदाय की गई समुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री गेमावत द्वारा संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए की वाटरशेड से गठित कृषक उत्पाद संगठन के सफल संचालन हेतु एक कार्य योजना बनाई जाय। जिससे कृषक उत्पादक संगठनों से जुड़े कृषकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके एवं उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ आर्थिक स्तर में भी बढ़ोतरी हो। कृषक उत्पाद संगठन के अध्यक्ष बद्री प्रसाद ने अवगत कराया की एफपीओ में वॉटर शेड परियोजना क्षेत्र में 300 से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है एवं और अधिक किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है स



### ई-आफिस का प्रशिक्षण

जिला पंचायत कार्यालय में ई-आफिस कार्यप्रणाली के क्रियान्वयन हेतु समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत हैंड्सआन हेतु ई-आफिस सोफ्टवेयर में ई-सिग्नेचर रजिस्ट्रेशन कर नई फाइल बनाया जाकर उसमे नोटेशीट के येलो नोट, ग्रीन नोट एवं ड्राफ्ट बनाकर कुछ फाइलों को ई-आफिस के माध्यम से मूव कराया जाकर प्रक्रिया में लिया गया । ई -आफिस की इन नस्तियों का जिला पंचायत सीईओ ने अवलोकन कर अनुमोदन हेतु कलेक्टर को अग्रेषित किया।

## पुस्तक मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा




साधुराम स्कूल परिसर में आयोजित पुस्तक मेला में गत शाम खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां मेला में एक ही स्थान पर छात्रों और अभिभावकों को गणवेश, स्कूल बैग और पुस्तक और कापियां एवं स्टेशनरी वाजिब कीमत पर मिल रही है। पुस्तक मेला 12 अप्रैल तक निरंतर दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक लगेगा। यहां हर शाम विविध शैक्षणिक संस्थाओं के छात्रों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की जायेंगी। मेला स्थल में बने मुक्ताकाशीय मंच पर सी एम राइज स्कूल के छात्रों द्वारा वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुत स्वागत गीत और रामधुन ने समां बांध दिया। छात्रों की प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया।

# सड़क किनारे युवक की रक्तरंजित लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र में एक 42 वर्षीय प्रौढ़ की खून से सनी लाश पाए जाने के बाद हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। कृषि उपज मंडी में पल्लेदारी करने वाले प्रौढ़ की पत्थर पटक कर अज्ञात लोगों ने हत्या कर देने के बाद लाश को सड़क किनारे फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन एवं कुठला पुलिस घटनास्थल पर जा पहुंची। प्रारंभिक जांच में आपसी विवाद के कारण प्रौढ़ की हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा है। पुलिस के हाथ कुछ ऐसे तथ्य लगे हैं जिसके आधार पर जल्द ही आरोपी गिरफ्तार हो सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी भाटिया मोहल्ला निवासी 42 वर्षीय सिनोद कोल पिता नर्मद कोल मंगलवार की रात पुरानी में जवारा विसर्जन जुलूस देखने के लिए घर से निकला था, इसके बाद वह फिर लौटकर घर नहीं पहुंचा। बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने सिनोद का शव वेलवेदार स्कूल के समीप सड़क किनारे खून से लथपथ पड़ा हुआ देखा। घटनास्थल की जांच एवं शव को सुष्मिता से देखकर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि सिनोद की हत्या पत्थर पटक कर की गई है। प्राथमिक तौर पर यह बात सामने आ रही है कि आपसी कहा सुनी एवं पुराने विवाद के कारण सुनोद की हत्या की गई है। हालांकि हत्यारे एवं हत्या के कारणों के संबंध में फिलहाल पुलिस ने खुलासा नहीं किया है, सूत्रों की माने तो पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं।



## कलेक्टर ने कटनी जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र किया घोषित

# जलस्त्रोतों से घरेलू प्रयोजन को छोड़ दोहन करने पर की जाएगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जनहित में जिले के सभी विकासखण्डों एवं नगरीय क्षेत्रों को तत्काल प्रभाव से 31 जुलाई या आगामी आदेश तक जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है।

कलेक्टर श्री यादव ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर संपूर्ण जिले को जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। इस आदेश के अनुसार अब कोई भी व्यक्ति बिना अनुमति के जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र में शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतो में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी प्रयोजनों के लिए नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का दोहन किन्ही भी साधनों द्वारा जल उपयोग नही करेगा। जिले के समस्त विकासखंडो एवं नगरीय व शहरी क्षेत्रों में समस्त नदी, नालों ,स्टापडैम, सार्वजनिक कुओं तथा अन्य जल स्त्रोतो का उपयोग घरेलू प्रयोजन हेतु तत्काल प्रभाव से सुरक्षित किया गया है।

### नलकूप निर्माण पर रोक

जिले के जल अभावग्रस्त क्षेत्र मे कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा प्राईवेट ठेकेदार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना, किसी भी प्रयोजन के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं कर सकेगा। लेंकिन यह आदेश शासकीय नलकूप खनन पर लागू नहीं होगा।

निजी भूमि पर नलकूप खनन कराने हेतु निर्धारित प्रारूप एवं शुल्क के साथ संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को आवेदन देना होगा।

इस कार्य हेतु कलेक्टर श्री यादव ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को उनके क्षेत्राधिकार अंतर्गत सक्षम अधिकारी प्राधिकृत किया है। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा आवश्यक जांच एवं परीक्षण की कार्यवाही कर अनुमति हेतु संबंधित क्षेत्र के सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से अनुशंसा प्राप्त की जायेगी । इसके अलावा आवश्यकता पड़नें पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जनहित मे उस क्षेत्र के निजी पेयजल स्त्रोत को पेयजल परिरक्षण संशोधित अधिनियम 2022 के प्रावधानों के अधीन निश्चित अवधि के लिए अधिग्रहण कर सकेगें।

जिले में यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-9 एवं भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## रीठी के बड़गांव में हुआ लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

# कलेक्टर ने लगाई जन चौपाल, ग्रामीणों ने बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने तथा उनके गांव में पहुंचकर समस्याओं से रू-ब-रू होकर उनके निराकरण की सार्थक पहल करते हुए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव बुधवार को रीठी के बड़गांव में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। मैदानी समस्याओं और व्यक्तिगत शिकायतों को खुले चौपाल के रुप में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद में कलेक्टर ने 84 ग्रामीणों का दुःख-दर्द सुना और अधिकारियों को निराकरण के ज़रुरी दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ,एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा सहित जिला अधिकारियों की मौजूदगी रही।

कलेक्टर श्री यादव ने यहां समस्या के निराकरण की आस में पहुंचे हर व्यक्ति की समस्या को बड़े धैर्य के साथ सुना। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिये।



लोक सुनवाई सह जनसंवाद के दौरान सोनू लोधी पिता शिवराजी लोधी निवासी बड़गांव ने अपनी भूमि की बही (ऋण पुस्तिका) बनवाने के लिए कई दिनों से तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने की जानकारी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को दी। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तत्काल मौके पर ही बही पुस्तिका बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वयं सोनू लोधी को अपने हाथों से बही पुस्तिका की प्रति प्रदान की।

ग्राम धरमपुर ग्राम पंचायत ठुढरी निवासी रोशनी कुशवाहा ने कलेक्टर को दिये आवेदन के माध्यम से बताया कि मेरा विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत 6 मार्च को हुआ था। परंतु अभी तक मुझे शासन द्वारा मिलने वाली राशि एवं विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ जिससे ससुराल के दस्तावेजों में मेरा नाम नहीं जुड़ पा रहा है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीईओ जनपद को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

### अतिथि शिक्षक भर्ती की जांच करायें

लोकसुनवाई के दौरान इस्तयाक खान, गुलाब पटेल, गोरेलाल यादव, अर्जुन कुमार लोधी एवं अन्य आवेदकों ने जांच की मांग करते हुए कलेक्टर श्री यादव को बताया कि बड़गांव शंकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला शांतिनगर में आवश्यकता से 1 अधिक अतिथि शिक्षक की भर्ती की गई। वहीं प्राथमिक शाला गंगानगर में आवश्यकता होने पर भी अतिथि शिक्षक नहीं रखा गया। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने डीईओ को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल ने किया 4 निजी स्कूलों को औचक निरीक्षण

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाये जाने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 4 सदस्यीय जांच दल ने बुधवार को कटनी शहर के 4 प्राइवेट स्कूलों का औचक निरीक्षण कर स्कूल में संचालित पुस्तकों, फीस स्ट्रक्चर आदि के सूचना पटल में चस्पा होने के कार्य का सत्यापन किया। स्कूलों में पहुंचे जांच दल को देखकर हड़कंप मच गया।

कलेक्टर श्री यादव को साधुराम स्कूल परिसर स्थित आयोजित पुस्तक मेला में सेक्रेड हार्ट स्कूल के एक अभिभावक द्वारा कक्षा 4 एवं कक्षा 7 की कुछ पुस्तकों के निजी प्रकाशकों की पुस्तकें चलाई जाने की सूचना दी गई और कहा गया कि निजी प्रकाशकों की इन पुस्तकों की कीमतें बहुत ही ज्यादा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने वस्तुस्थिति की जांच के लिए 4 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। जिसमें तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनश्री जैन व सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी और प्रभारी अधिकारी विवेक दुबे जांच दल में शामिल रहे।

जांच दल ने वेल वेदर इंटरनेशनल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, फसर्टस्टेप एकेडमी एवं सेक्रेड हार्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी की जांच दल ने जांच की। इन स्कूलों में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक की कक्षायें संचालित होती है। इन स्कूलों में पहुंचे जांच दल द्वारा यहां के छात्रों, पालकों एवं अभिभावकों से भी चर्चा कर जानकारी का सत्यापन किया गया।

समिति ने गणवेश, फीस स्ट्रक्चर व पुस्तकों के विवरण को सूचना पटल पर चस्पा होने की भी जानकारी का सत्यापन किया। समिति द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु जल्द ही कलेक्टर श्री यादव को जांच प्रतिवेदन सौंपा जायेगा।

## खबर संक्षेप



### आधार केंद्र में नेटवर्क की समस्या से बढ़ी परेशानी

**बरही।** नगर के न्यू बस स्टैंड में संचालित आधार सेंटर में काफी दिनों से नेटवर्क की समस्या बनी हुई है जिसके चलते आज दिनांक तक आधार सेंटर ओपन नहीं हो पा रहा हैं। टेक्निकल टीम ध्यान नहीं दे रही है। महिला कर्मचारी को आधार मशीन चालू करने के लिए 3 किलोमीटर दूर तहसील में जाकर चालू करना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। महिला कर्मचारी नीतू चौधरी अपने बच्चों को लेकर यहां से वहां भटक रही हैं। टेक्निकल टीम इस समस्या पर शीघ्र ध्यान देने की मांग की गई है जिससे आधार सेंटर में काम सुचारू रूप से चालू हो सकें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का कटनी आगमन आज

**कटनी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा का कटनी आगमन आज गुरुवार 10 अप्रैल को हो रहा है। प्रदेश अध्यक्ष बहोरीबंद में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में शामिल होकर कार्यकर्ताओ को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने बताया कि सम्मेलन 10 अप्रैल को दोपहर 2 बजे प्रदेश अध्यक्ष कटनी पहुंचेंगे। कटनी के ग्राम घघरीकला में गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत जनसम्पर्क करेंगे। यहां से प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा दोपहर 3 बजे विधायक संदीप जायसवाल के निवास पर विधायक जायसवाल की दिवंगत मातुश्री श्रीमती सरोज जायसवाल को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। दोपहर 3.30 बजे सांसद भाजपा जिला कार्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। 3.45 बजे वे बहोरीबंद के लिए प्रस्थान करेंगे। सायं 4.15 बजे स्लीमनाबाद के शिव मैरिज गार्डन, बस स्टैंड में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद वीडी शर्मा शामिल होंगे। इस सम्मेलन में विधानसभा के सदस्यों सहित कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रहेगी।

### नवरात्रि के समापन में जवारों का निकला जुलूस

**गनियारी।** ग्राम अंतरवेद गनयारी स्थत चार मंदिरों में चैत्र नवरात्रि पर पर्व पर गत दिवस जवारों का विसर्जन किया गया। सिंह वाहिनी बिजोरा मंदिर में 32 कलश, तालाब पर विराजमान कलेही मंदिर में 56 कलश, चकवा दिवाले मंदिर में 35 कलश, आदिवासी मोहल्ले में 25 कलश बोए गए थे। ग्राम अंतर्वेद गनयारी में जावारों को विसर्जित करने के लिए निकाले गए जुलूस में महिलाएं अपने सिर पर जवारे लेकर चल रही थी। जगह जगह भक्तों द्वारा पूजन अर्चना की गई। जवारा विसर्जन का सिलसिला शाम चार बजे से रात्री तक चलता रहा है। कसाव बस्ती ग्राम अंतर्वेद में 148 कलश जावारे का विसर्जन तालाब में किया गया। चल समारोह में पंडा से भाव खेलते हुए चल रहे थे वहीं भक्तों ने बाना लिया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### नरवाई जलाने पर माधवनगर थाना में दर्ज हुई एफआईआर

**कटनी।** जिले में फसल अवशेष नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिये गये निर्देश के बाद बुधवार को पहाड़ी निवासी मनोज सिंह के विरूद्ध माधवनगर पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। हलका पटवारी पंकज विश्वकर्मा ने पुलिस को दिये प्रतिवेदन, पंचनामा के माध्यम से अवगत कराया कि खसरा नंबर 160/3 में मनोज सिंह पिता विजय सिंह निवासी पहाड़ी ने नरवाई जलाकर कलेक्टर श्री यादव द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन किया है। प्राथमिकी में नरवाई जलाने से पर्यावरणीय दुष्प्रभावों और संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की संभावनाओं का उल्लेख किया गया है। जिले में नरवाई जलाने वाले किसानों के विरूद्ध दर्ज की गई यह अब तक चौथी प्राथमिकी है। इस प्रकार अब तक नरवाई जलाने वाले 6 किसानों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है।

चाका बायपास के समीप धधकी आग ने लिया विकराल रूप, 5 दमकल वाहन जूझते रहे

# भीषण आग की चपेट में आने से 3 कच्चे मकान जलकर हो गए स्वाहा





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जंगल में लगी आग ने ऐसा विकराल रूप लिया कि गरीबों के कच्चे मकानों को जलाकर राख कर दिया। घर के अंदर रखी गृहस्थी की सामग्री भी स्वाहा हो गई। यह अग्नि हादसा कुठला थाना अंतर्गत चाका बाईपास के जंगल का है। भीषण आग लगने से तीन परिवारों के मकान जलकर राख हो गए। गनीमत ये रही जिस वक्त मकानों में आग लगी परिवार के लोग खेती-किसानी बागवानी और मजदूरी के काम से गए हुए थे। बताया जा रहा है कि पास के जंगल से फैली आग धीरे धीरे गरीबों के कच्चे मकानों तक पहुंची। लोग कुछ कर पाते इससे पहले ही आग ने तीन मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। चाका बायपास के जंगल मे लगभग 45 ग्रामीण परिवारों की बस्ती है जहां छानीदार कच्ची मकान बने हैं। यह छानियां जंगल की भूमि के बीच में बनाई गई हैं।

जानकारी के अनुसार कुठला थाना के वन क्षेत्र के जंगल में रात मे लगी आग ने बुधवार को विकराल रूप धारण कर लिया तथा आग ने आगोश में तीन मकान को भी ले लिया। उधर आग लगने की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में स्थानीय निवासी मौके पर एकत्रित होकर आग को बुझाने का प्रयास करते रहे लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिल सकी। घटना की जानकारी दमकल को दी गईं लेकिन जब तक आग पर काबू पाते तब तक प्रभावित परिवारों के घरों मे रखी खाद्य सामग्री कपड़े बर्तन व अन्य सामग्री आदि जलकर राख हो गया।

जंगल की आग बुझाने पांच गाड़ियां दमकल की मौके पर मौजूद रही जों आग पर काबू पाने का प्रयास करती रही। घटना में तीनों परिवारों की छानी और उसमें रखा घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। बेघर हुए परिवारों ने शासन प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है।

## सम्मेलन बुलाकर बजट पर चर्चा करने की गई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन द्वारा नगर निगम में वित्तीय संकट उत्पन्न हो जाने का आरोप लगाया है। मिथलेश जैन द्वारा कहा गया है कि नगर निगम अधिनियम की धारा 97 के अंतर्गत आगामी वर्ष हेतु आमदनी व व्ययों का लेखा-जोखा अर्थात बजट को नगर निगम आयुक्त द्वारा 30 नवम्बर को या उसके पूर्व तैयार कर दिया जाना चाहिए और उसे मेयर इन कौंसिल में प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिए ।

नगर निगम अधिनियम की धारा 97 की उपधारा 2 में यह प्रावधान है कि मेयर इन कौंसिल द्वारा 30 नवम्बर के दिन या यथासंभव उसके शीघ्र पश्चात आयुक्त द्वारा तैयार बजट प्रस्ताव पर चर्चा करके उसे 15 जनवरी के पूर्व निगम परिषद में प्रस्तुत कर दिया जाना चाहिए ।

उन्होनें आरोप लगाया है कि 30 नवम्बर 2025 तक न तो बजट तैयार हुआ और न ही मेयर इन कौंसिल में प्रस्तुत किया गया । मेयर इन कौंसिल ने भी इस अवधि में अनेकों बैठकें होने के बावजूद बजट तैयार न होने के सबंध में कोई दिशा निर्देश भी नहीं दिये और न ही अधिकारियों से बजट तैयार कराया।

पुराना वित्तीय वर्ष दिनांक 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुका है तथा एक अप्रेल 2025 से नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ हो चुका है लेकिन एक सप्ताह से ज्यादा व्यतीत हो जाने के बाद भी बजट पर मेयर इन कौंसिल द्वारा न तो चर्चा क गइ्र है और न ही कोई निर्णय लिया गया है, इसके कारण पिछले एक सप्ताह से नगर निगम में वित्तीय संकट खड़ा हो गया है ।

#### दो माह में होना चाहिए सम्मेलन

श्री मिथलेश जैन ने कहा है कि अधिनियम की धारा 29 के अनुसार निगम सम्मेलन प्रत्येक दो माह में आवश्यक रुप से होना चाहिए तथा पिछला सम्मेलन दिनांक 17-01-2025 को हुआ था । उसके लग. 3 माह व्यतीत हो चुके हैं लेकिन अभी तक नगर निगम सम्मेलन बुलाने हेतु कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है । इससे प्रतीत होता है कि नगर निगम का ध्यान वैधानिक प्रावधानों का पालन करने में और जनता की अपेक्षाओं के अनुसार विकास करने में बिल्कुल भी नहीं है, जिसके कारण जनता के विकास कार्य प्रारंभावित हो रहे हैं ।

मिथलेश जैन ने आयुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि अविलंब निगम सम्मेलन बुलाकर बजट पर चर्चा की जावे ।

*मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति एवं ओबीसी महासभा के तत्वाधान में मनाई जयंती*

## सम्राट अशोक की जयंती पर निकाली गई रैली, वक्ताओं ने जीवन पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मौर्य कुशवाहा समाज कल्याण समिति एवं ओबीसी महासभा के संयुक्त तत्वाधान में सम्राट अशोक महान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बाइक रैली गुलमोहर गार्डन नदी पार से शुरू होकर शहर का भ्रमण करते हुए, अंबेडकर पार्क एन के जे पहुंची, रैली में मनमोहक झांकी भी निकाली गई।

अंबेडकर पार्क में सम्राट अशोक स्तंभ पर पुष्पवर्षा की गई तत्पश्चात संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर रैली का समापन हुआ। रैली में बड़ी संख्या में सामाजिक जन, युवा व महिलाओं की उपस्थिति रही।

संबोधन में उपस्थित वक्ताओ ने सम्राट अशोक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सम्राट अशोक महान ऐसे राजा थे जिनके राज में किसी का शोषण नहीं होता था, जिनका राज संपूर्ण ऐशिया में था और उनका शौर्य इतना था कि उन्होंने तलवार से दुनिया को जीता और अत्याचारियों का संघार किया, तब उन्हें सम्राट अशोक कहा जाता था परन्तु जब वे तथागत गौतम बुद्ध के करूणा, शील , मैत्री के भाव से प्रभावित होकर उन्होंने तलवार को त्याग कर पूरी दुनिया में दया और मित्रता परोसी तो उन्होंने पुनः दुनिया को प्रेम के दम पर जीत लिया तब सम्राट अशोक महान के नाम से जाना जाने लगे। सम्राट अशोक महान ने अपने शासन काल में हजारों स्तंभ स्थापित किये जिसमें चारों दिशाओं की ओर मुंह किये हुए शेर दिखाई पड़ते हैं!

आजादी के बाद भारत सरकार ने प्रशासनिक कामकाज में, नोट पर एवं सेना पर सर्वोच्च सम्मान के लिए अशोक स्तंभ को स्मृति चिन्ह बनाया, भारत का राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ है।

कार्यक्रम में एपी मौर्या जिलाध्यक्ष मौर्य कुशवाहा समाज , ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष बी के पटेल, यदुवेंद्र यादव प्रदेशाध्यक्ष सपा, ज्ञान्ती मौर्या जिलाध्यक्ष ओबीसी महासभा ( महिला विंग) प्रदीप कुशवाहा प्रभारी ओबीसी महासभा, राम सरोवर कुशवाहा कार्यकारी जिलाध्यक्ष ओबीसी महासभा आदि की उपस्थिति रही।

### निगमाध्यक्ष ने पीरबाबा में उर्स मेला स्थल का किया निरीक्षण



हजरत इत्र शाह चिश्ती पीरबाबा की दरगाह पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पीरबाबा उर्स कमेटी द्वारा उर्स का आयोजन जाएगा। 22 अप्रेल से मेला प्रारंभ होगा जिसमें परचम कुशाई,चादर शरीफ व मिलाद, गुसल शरीफ, कब्बाली आदि कार्यक्रम आयोजित होंगें । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने मेला स्थल पंहुच कर तैयारियों का लिया जायजा। श्री पाठक नें निरीक्षण के दौरान उर्स कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों से की विस्तृत चर्चा की। खास बात यह है कि पीरबाबा मजार के सामने शिव जी, श्री राधा कृष्ण श्री हनुमानजी का विशाल मंदिर है। हिंदू-मुस्लिम मिलकर दोनों धार्मिक स्थल को शानशौकत से सजाते आ रहे हैं। यही कारण है कि कटनी में कौमी एकता एक मिसाल के रूप में जानी जाती है । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर पीरबाबा उर्स कमेटी के पदाधिकारियों से कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी ली ।

## जिले में पोषण पखवाड़ा 22 अप्रैल तक चलेगा, अधिकारियों को सौंपा दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुरू किये गए पोषण पखवाड़ा 22 अप्रैल तक मनाया जायेगा। इसके तहत विभिन्न 15 विभागों के अधिकारियों के समन्वय से इसे संचालित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने विभागों के दायित्व तय कर दिये हैं।

कलेक्टर ने जारी आदेश में जिला पंचायत, वन, नगर निगम, शिक्षा विभाग, खाद्य, स्वास्थ्य, कृषि, जनजातीय कार्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उद्यानिकी, आयुष, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, खेल, पीएचई, आजीविका मिशन और सर्वशिक्षा अभियान के जिला प्रमुख अधिकारियों को महिला बाल विकास से समन्वय के साथ राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेश में उल्लेखित किया गया है कि पोषण अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को समग्र रूप से बेहतर बनाने का सभी विभाग समन्वित प्रयास करें।

पोषण पखवाड़ा के दौरान पोषण आधारित विभिन्न कार्यक्रमों की योजनाओं को संचालित करने वाले सभी विभागों, स्वैच्छिक संगठनों और अन्य स्टॉक होल्डर के साथ समन्वय से राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का आयोजन जनआंदोलन के रूप में किया जाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिले की सभी 1713 आंगनबाड़ी केन्द्रों में मंगलवार को मंगल दिवस का आयोजन कर 3 हजार 265 गर्भवती माताओं की गोदभराई का कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। श्री सिंह ने बताया कि पोषण पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य केवल आंगनबाड़ी के 6 वर्ष की उम्र तक के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तक सीमित नहीं रखा गया है। बल्कि सभी उम्र, सभी वर्ग के बच्चों, महिला, पुरूषों के लिए यह अभियान जरूरी है। सही पोषण सही स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण जागरूकता रैलियों का आयोजन कर दीवार लेखन भी किया गया।

*हिरवारा में ग्रामीणों ने श्रमदान कर तालाब में की गई साफ सफाई*

## जल संगोष्ठी एवं जागरूकता रैली से दिया गया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक वर्षा जल के संग्रहण एवं संवर्धन हेतु मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल के मार्गदर्शन में ग्राम हिरवारा में जल संगोष्ठी, जागरूकता रैली का आयोजन किया जाकर सामूहिक श्रमदान कर तालाब की सफाई का कार्य किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में आयोजित जल संगोष्ठी के दौरान विकासखंड समन्वयक बाल मुकुंद मिश्र द्वारा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उपस्थित जनों को अधिक से अधिक परिचित लोगों को वर्षा जल संरक्षण एवं प्राकृतिक जल स्रोतों की संरक्षण हेतु जन भागीदारी व श्रमदान के माध्यम से सहयोग करने का आह्वान किया गया। तत्पश्चात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो का भ्रमण करती हुई, हनुमान मंदिर परिसर में समाप्त हुई। जिसके माध्यम से जल संरक्षण संबंधी नारों का उद्घोष करते हुए ग्राम वासियों को जल संरक्षण और संवर्धन हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में ग्राम हिरवारा के हनुमान मंदिर के पीछे तालाब में सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई की गई, और आगामी समय में जल स्रोतों तथा उनके आसपास किसी प्रकार का कचरा ना फेंकने और गंदगी ना करने का संकल्प दिलाया गया।

इस आयोजन के दौरान आनंद विभाग के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले, जनपद सदस्य प्रतिनिधि अजय बर्मन, नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कटंगी कला के सेक्टर प्रभारी सतीश तिवारी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हिरवारा के अध्यक्ष संतोष बर्मन, छात्र -छात्राओं रामजी मिश्रा, आशा बर्मन संगीता बर्मन कनकना बनर्जी मौजूद रहीं।

कटनी एवं दमोह जिले के किसानों को दी गई जानकारी

## आधुनिक कृषि तकनीक एवं नरवाई प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मानव जीवन विकास समिति कार्यकर्ता रामकिशोर चौधरी द्वारा बताया गया की समिति सभागार बिजौरी एक दिवसीय आधुनिक कृषि तकनीक एवं नरवाई प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कटनी जिले के बड़वारा और ढीमरखेड़ा ब्लॉक के कार्यकर्ता व किसान एवं दमोह जिले के तेंदूखेड़ा और जबेरा ब्लॉक के कार्यकर्ता व किसान कुल मिलकर 40 लोगों की उपस्थिति रही है।

#### आधुनिक कृषि तकनीक से उत्पादन में वृद्धि संभव

मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह द्वारा बताया गया कि हम कटनी और दमोह जिले के 4 ब्लॉक में 25000 किसानों के साथ काम कर रहे हैं हमारा प्रयास है आधुनिक कृषि तकनीक के उपयोग से किसानों की उत्पादन व आय में वृद्धि करना। उच्च उपज वाले और रोग-प्रतिरोधी बीजों का उपयोग फसल उत्पादन को बढ़ाता है.

#### सही मात्रा का रखें ध्यान

ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य मशीनों का उपयोग श्रम और समय बचाता है, जिससे उत्पादन में वृद्धि होती है। सही मात्रा में उर्वरक और कीटनाशकों का उपयोग फसलों को अधिक पोषक तत्व प्रदान करता है और कीटों से बचाता है.

आधुनिक सिंचाई तकनीकें, जैसे ड्रिप सिंचाई, पानी की बर्बादी को कम करती हैं और फसल उत्पादन में सुधार करती हैं.

#### नरवाई नहीं जलाए भूमि की उर्वरक शक्ति कम होती है

इस अवसर पर उन्होंने किसानों को नरवाई प्रबंधन से होने वाले फायदों से भी अवगत कराया। किसानों को बताया गया कि नरवाई से मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार होता है। नरवाई मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ जोड़ती है, जिससे मिट्टी की संरचना, जल धारण क्षमता और उर्वरता बढ़ती है। फसल अवशेष प्रबंधन मिट्टी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बहुत छोटा लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कदम है,जो प्रत्येक किसान को उठाना अत्यन्त आवश्यक है ।

कार्यक्रम में मुख्यतया निर्भय सिंह सचिव मानव जीवन विकास समिति, काजल सिंह एरिया कोआर्डिनेटर बड़वारा बंधन फाउंडेशन, नितिन प्रजापति कोआर्डिनेटर बड़वारा बंधन फाउंडेशन, राजेश कुमार मिश्रा डी एफ एम इफको भोपाल, मनीष कुमार मिश्रा डी डी ए कृषि विभाग कटनी, चंद्रपाल कुशवाहा, राधिका तिवारी, अभय कुमार पटेल अन्य सभी कार्यकर्ता साथियों की उपस्थिति रही।

## अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने पर 45 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत दही का नमूना अवमानक पाये जाने और कुकीज एवं तिल लड्डू का नमूना मिथ्याछाप पाये जाने पर तीन संस्थानों के विक्रेता संचालकों के विरूद्ध अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। खाद्य पदार्थ के अवमानक व मिथ्याछाप मिलने के इन तीन मामलों को मिलाकर कुल 45 हजार रूपये का अर्थदंड लगाया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 6 सितंबर 2023 को माधवनगर स्थित डरबी होटल एण्ड रेस्टोरेंट पहुंचकर खाद्य पदार्थ दही और पनीर का नमूना लिया। जांच में दही के नमूने को अवमानक घोषित कर दिया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी साधना परस्ते ने कार्यवाही करते हुए विक्रेता जेठानंद बलवानी के विरूद्ध 15 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित कर दिया है।

इसी प्रकार दो अन्य मामले में सुनवाई करते हुये न्याय निर्णायक अधिकारी श्रीमती परस्ते ने आयुष ट्रेडर्स झंडाचौक उमरियापान से 30 दिसंबर 2021 को लिये गये ट्रेडिशनल कुकीज और तिल लड्डू में मिलावट होने का जांच प्रतिवेदन भोपाल प्रयोगशाला से प्राप्त होने के बाद प्रचलित प्रकरण में खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के प्रावधान के तहत विक्रेता दुकानदार आशीष चौरसिया निवासी वार्ड नंबर 2 उमरिया पान को मिथ्याचाप खाद्य पदार्थ पाये जाने के कारण 15 हजार रूपये का जुर्माना किया गया।

संचालक सपना सेल्स झूझेलाल मार्केट भर्तीपुर जबलपुर द्वारा मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ शिवा ट्रेडिशनल कुकीज का संग्रह एवं विक्रय करने पर 15 हजार रूपये का जुर्माना किया गया है। अर्थदंड की राशि 30 दिन में जमा करनी होगी।

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कटनी (मध्यप्रदेश)

क्रमांक/ 4970 /आर डी एम/2025
कटनी दिनांक- 02-4-2025

**इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेसर्स इंडियन आयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आवेदक श्री रामफल पटेल आ. श्री हेतराम पटेल साकिन वार्ड नं. 04 ग्राम बिस्तरा पोस्ट जोबीकलां जिला कटनी को ग्राम बडवारा कलां तहसील बडवारा मे खसरा नं. 27/3 में स्थित भूमि पर भू-भाग एरिया 35x42 = 1347 वर्ग मीटर आउटलेट पेट्रोल/डीजल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी प्रति संलग्न कर प्रेषित है।

अतः आवेदक कंपनी को उक्त कार्य के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने के संबंध में यदि किसी भी संस्था/व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के भीतर स्वयं या अपने प्रतिनिधि के द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियम समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट
जिला - कटनी

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर हुई कार्यवाही

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर तथा पुलिस अधीकक्ष श्रुतकीर्ति सोमवंशी द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। इसी क्रम में आज यातायात प्रभारी दलबीर सिंह मार्को ने बताया बटियागढ़ रोड पर गति सीमा का उल्लंघन करने वाले 7 वाहन चालकों से 7000 रुपये का शमन शुल्क मौके पर वसूला गया। उन्होंने कहा साथ ही धरमपुरा बाईपास पर वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 22 वाहन चालकों से 12300 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। 22 वाहनों में 7 ओवर स्पीड के वाहन शामिल है।

### 50 लाख 06 हजार 107 रुपये की राशि का किया गया था गबन

**पन्ना।** सहायक अधीक्षक डाकघर पन्ना उपसंभाग ने रैपुरा थाना उपस्थित आकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया की दिनांक 23.11.20 से दिनांक 18.02.22 तक की अवधि मे उप डाकघर रैपुरा मे उप डाकपाल के पद पर पदस्थ शिवपाल सिंह द्वारा कुल 50 लाख 06 हजार 170 रुपये की राशि का गबन किया गया है। फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध थाना रैपुरा मे अपराध क्रमांक 07/24 धारा 420,409 कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा आरोपी की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन व थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी की लगातार तलाश पतारसी की गई । जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल पन्ना की मदद से उक्त पुलिस टीम द्वारा आरोपी को यात्री प्रतीक्षालय चंगेरी तिराहा चौकी हरदुआ सिमरिया थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से घटना के सम्बंध मे पूछताछ किये जाने पर बताया गया कि रैपुरा उपडाकघर मे पदस्थापना के दौरान मेरे द्वारा खाता धारको के नाम से जाली निकासी फॉर्म भरकर खाताधारक के फर्जी हस्ताक्षर करके एवं इनीशियल हस्ताक्षर स्वयं के बनाकर कई खाता धारको के विभिन्न खातो से 37 लाख 12 हजार 170 रुपये की राशि की निकासी की गई है जो कि ब्याज सहित वर्तमान कीमती राशि करीब 50 लाख 06 हजार 107 रुपये है।

### पूर्व सैनिक विश्वनाथ लोधी पंचतत्व मे विलीन

**हिण्डोरिया।** ग्राम पंचायत लुहर्रा के गाँव उमरिया निवासी एड- नरेन्द्र सिंह लोधी एवं अरविन्द सिंह लोधी के पिता पूर्व सैनिक विश्वनाथ सिंह लोधी का 65 वर्ष की आयु मे अचानक हदयगति रूकने के चलते बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मे सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर अश्रुपूर्ण श्रृध्दांजलि अर्पित की।

### अफजल शा का इंतकाल

**हिण्डोरिया।** नगर के अब्दुल्ला वार्ड 06 निवासी अजीम शा के बडे. भाई एवं समीर शा के पिता अफजल शा उर्फ रमजान शा का लगभग 52 वर्ष की अल्प आयु मे निधन हो गया है। उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द- ए- खाक किया गया।

वन संपदा का हो रहा नुकसान, टाइगर रिजर्व की झापन रेंज के जंगलों में आग लगने की खबर

# टाइगर रिजर्व के लगातार हो रही आगजनी की घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

गर्मी का मौसम शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो गया टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आग लगने के कई मामले सामने आ रहे हैं इस आग से जंगल में लगे वनस्पति पेड़ पौधे छोटे जीव-जंतु आदि जल जाते हैं अज्ञात कारणों से लगी आग तेज हवाओं के कारण विकराल होती जाती है और जंगल के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लेती है तेज हवाओं के कारण वन अमले को आग बुझाने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है जंगल में आग लगने से कई वन्य जीवों के रहवास भी प्रभावित हो जाते हैं गर्मी के समय अक्सर जंगली क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं सामने आना स्वाभाविक बात नहीं लेकिन यहां पर सबसे अधिक परेशानी यह है कि आग लगने के बाद उस पर काबू पाने के लिए वन विभाग के पास पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हो पाते हैं ऐसे में काफी समय बाद आग पर काबू पाया जाता है जिससे काफी



नुकसान होता है

### टाइगर रिजर्व के जंगल में लगी आग

मंगलवार को टाइगर रिजर्व के झापन रेंज के जंगल में आग लगने का मामला सामने आया है जहां पर दो से चार हेक्टेयर के जंगल में आग लगने से पेड़ पौधों जलकर खाक हो गए हैं और कई जीव-जंतु व रेंगने वाले आदि जलकर खाक हो चुके हैं लोगों का आरोप है कि आगजनी की घटनाओं के बाद भी टाइगर रिजर्व का अमला जंगलों की सुरक्षा के प्रति गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है सूत्रों द्वारा खबर है कि टाइगर रिजर्व के जंगलों में कई स्थानों पर आगजनी की घटनाएं सामने आ चुकी है इसी तरह झापन रेंज जो टाइगर रिजर्व में आता है इस रेंज के जंगलों में मंगलवार की भीषण आग लगने से हजारों पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो गए हैं साथ ही देर-रात तक टाइगर रिजर्व के जंगल में आग की लपटे दिखाई देने की आसपास के ग्रामीणों ने बात की है इस संबंध में जब झापन रेंज के प्रभारी रेंजर नीरज विसेन से बात करने फोन लगाया गया तो उन्होंने रिसीव नहीं किया

### इन कारणों से भड़क जाती है आग

जानकार बताते हैं कि गर्मियां शुरू होते ही ग्रामीण जंगलों से औषधि वनोपज के रूप में गोंद, तेंदुपत्ता, चिरोंजी, करोंदा और महुआ इकट्ठा करने पहुंचते हैं। भूल और नासमझी के चलते उनके द्वारा बीड़ी या माचिस की तीली छोड़ दी जाती है। जिनके सूखी पत्तियों के संपर्क में आने से आग भवक जाती है। जंगलों में तापमान बढ़ने के दौरान सूखे बांस आपस में रगड़ने से निकलने वाली चिंगारियां पत्तों पर गिरकर आग के रूप में बदल जाती है और हवा इन्हें आसपास के क्षेत्र में फैलाने में मददगार बनती है। सागौन के वृक्षों से जमीन पर गिरे बीज सख्त खोल में बंद होते हैं। वन विभाग के कर्मचारी इन्हें कमजोर करने के लिए चिन्हित क्षेत्र में आग लगाते हैं। खोल जलने से कमजोर हो जाता है और बारिश में इनसे अंकुरण होता है। अक्सर तेज हवा और वनकर्मियों की अनदेखी की वजह से आग जंगल में फैल जाती है।

60 दिन में सिर्फ दो से तीन सिंचाई में ही तैयार हो जाती है मूंग

# किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है मूंग की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



किसानों के लिए मूंग की फसल वरदान साबित हो रही है तीसरी फसल के रुप में किसान खेतो में मूंग की फसल की बोवनी करते है, जिससे किसानों को न केवल लाभ हो रहा है बल्कि मूंग की फसल के विक्रय करने से प्राप्त राशि से किसान सोयाबीन की फसल की तैयारी कर लेते है। प्रति वर्ष तहसील में मूंग की फसल की बोवनी किए जाने का रकबा लगातार बढ़ रहा है।

60 दिन में तैयार होकर बाजार में आने वाली मूंग की फसल की बोवनी किए जाने को लेकर क्षेत्र के किसान उत्साहित है। रबी सीजन की फसलों की कटाई के बाद खेतों में काली मिट्टी ही चमकती नजर आती है, लेकिन किसानों ने इस बार तीसरी फसल के रूप में मूंग की बोवनी बहुतायत में की है। जिसके कारण खेतों में हरियाली भी दिखाई दे रही है। हालाकि जिन खेतों में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण किसानों को तीसरी फसल लेने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है।भिलोनी गांव के उन्नतशील किसान दिग्विजय सिंह ने बताया कि एक एकड़ में 15 से 20 किलों मूंग की बोवनी होती है औसत एवरेज एक एकड़ में 5 से 6 क्विंटल तक आ 60 जाता है। जबकि लागत एक एकड़ में 10 से 15 हजार तक आती है। यदि कोई किसान एक क्विंटल मूंग की बोवनी करता है तो उसका एवरेज 25 से 26 क्विंटल तक आता हैं।60 दिन में तैयार होने वाली मूंग की फसल की में 2 से 3 बार सिंचाई करना पड़ती है। किन किन किसानों के के पास पर्याप्त पानी की व्यवस्था है वह समय पर सिंचाई कर लेते, लेकिन अनेक किसान पानी उपलब्ध न होने पर सिंचाई नही कर पाते हैं, किसान बताते है कि जब सिंचाई तथा अन्य कृषि कार्य के लिए बिजली की जरुरत होती है उस समय बिजली नियमित नही मिल पाती है, बिजली ना मिलने से उपज भी प्रभावित होती है। हालांकि बिजली कंपनी के द्वारा बिजली की निर्बाध सप्लाई के लिए अनेक जतन किए जा रहे हैं। लेकिन तेज हवा के चलते लाईनों में फाल्ट आने के कारण बिजली सप्लाई में बाधा उत्पन्न हो जाती है।

### बाजार में मिलते हैं अच्छे रेट

कमोवेश 60 दिन में तैयार होकर बाजार में विक्रय के लिए आने वाली मूंग के रेट भी अच्छे खासे मिल जाते है। फुटकर गल्ला व्यापारी तथा कृषि उपज मंडी में मूंग के रेट 6 से 7 हजार रुपए के बीच मिल जाते है। मूंग की क्वालिटी के मान से भी व्यापारी रेट तय करते है। कुल मिला कर मूंग की फसल किसानो के लिए वरदान मानी जा रही है।

## स्वास्थ्य केंद्र पटेरा में हुआ सुरक्षित मातृत्व शिविर



**दमोह।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य में पटेरा में 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत कैंप का आयोजन किया गया जिसमें कुल 93 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन हुआ जिनमें से 63 महिलाएं उच्च जोखिम वाली पाई गई जिनका जिले से आए डॉ. हर्षिता पंथी के द्वारा जांच की गई और उन्हें उपचारित किया गया। हाइरिस्क गर्भवती महिलाओं और सामान्य गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार की पृथक पृथक व्यवस्था की गई। सभी महिलाओं की जीडीएम की जांच की गई जिसमें 60 महिलाओं का सीएससी पर ही एवं बाकी 33 महिलाओं का फील्ड स्तर से जीडीएम की जांच हुई समस्त गर्भवती महिलाओं को समुचित नाश्ता प्रदाय किया गया एवं सभी को बैठाने एवं अन्य समस्त व्यवस्था कैंप के दौरान की गई।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने 6 अपैल स्थापना दिवस से 14 अपैल डॉ आम्बेडकर जयंती तक होने वाले कार्यक्रम अंतगर्त बस्ती चलो अभियान के अंतगर्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस से प्रारंभ हुए कार्यक्रम एवं बस्ती चलो अभियान अंतगर्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया, और भारतीय जनता पार्टी सरकार ने द्वारा जिला चिकित्सालय के उन्नयन और सुविधाओं के विस्तार का जो महत्वपूर्ण कार्य किया है उसकी जानकारी ली। बस्ती चलो में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने आसपास स्थित मंदिर, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, सार्वजनिक भवन आदि में स्वच्छता एवं सेवा कार्य कर रहें। निरीक्षण के दौरान जिला मंत्री संजय यादव, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, बृज गर्ग, दीनदयाल नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया, कपिल शुक्ला, सुनील यादव अरूण सोनी, श्याम दुबे, संदीप शर्मा, इंद्र कुमार चौरहा, देवल कोरी, रामकुमार अहिरवाल साथ रहें।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**पटेरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बस स्टैंड पटेरा पर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन परिवहन घोटाले में लिप्त आरक्षक सौरभ शर्मा कोजमानत दिए जाने के विरोध में आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इस प्रदर्शन में अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए वहीं कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिये पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही। विरोध प्रदर्शन में धर्मेंद्र चौधरी, कमलेश ताम्रकार, नवाब सिंह सोलंकी, अतुल जैन, निखिल जैन, शुभम चौरसिया, और दिनेश नामदेव सहित कई अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं ने आरोपी आरक्षक को जमानत दिए जाने पर सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की और इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की।

## केवट प्रसंग व भरत मिलाप के मार्मिक वर्णन से नम हुईं आंखें

**बनवार।** हिनौती स्थित फूलन देवी मंदिर परिसर में चल रहे श्री सत्संगी महायज्ञ एवं संगीत में श्रीराम कथा के सातवें दिन राम वन गमन, निषादराज से भेंट, केवट संवाद व केवट प्रसंग व भरत मिलाप का मार्मिक वर्णन किया। कथा प्रवक्ता बाल विकास पंडित ऋषिकांत गर्ग जी ने व्यासपीठ ने कहा कि जब आप दूसरे की मर्यादा को सुरक्षित रखेंगे तभी आपकी मर्यादा सुरक्षित रह सकेगी। प्रबल प्रेम के पाले में पड़कर प्रभु राम का नियम बदलते देखा गया. रामजी को सीताजी व लक्ष्मण सहित गंगा नदी पार कराने से पूर्व केवट ने श्रीराम के चरण धोने की शर्त रखी, जिसके लिए हंसते हुए श्रीराम ने हां कर दी। गंगा नदी पार कराने के बाद केवट ने उतराई लेने से भी मना कर दिया. प्रभु श्रीराम से बोले कि प्रभु मैंने इस लौकिक संसार में आपको गंगाजी के एक तट से दूसरे तट में जाने में सहायता की है। आपके धाम आने पर मुझे भवसागर से पार लगा देना. वनवास के दौरान भगवान राम व निषाद राज की मित्रता मिसाल बनी। इसके बाद व्यासपीठ बाल विकास ऋषिकांत गर्ग जी ने ने प्रभु श्रीराम के वन गमन का बड़ा ही हृदय स्पर्शी चित्रण किया, जिसे सुनकर श्रोताओं के आंखों से प्रेम के आंसू छलक आये।रामजी का वन गमन सुनकर महाराज दशरथ ने प्राण त्याग दिया. कैकेयी का त्याग कर भरत की मां कौशल्या के भवन में आए। माता कौशल्या ने भरत को पूर्ण वात्सल्य प्रदान किया व राम वनवास और दशरथ मरण की संपूर्ण घटना को सुनाया। भरत ने मां के सामने शपथ पूर्वक कहा, कि मैं आपको भगवान श्रीराम से पुनः मिलाऊंगा।

### रामभक्त ले चला रे राम की निशानी

भाई-भाई के प्रेम का दर्शन कराने के लिए ही श्रीराम और भरत जी के मिलन का प्रसंग आया. दोनों भाई एक-दूसरे के लिए संपत्ति और सुखों का त्याग करने के लिए उद्यत थे और विपत्ति को अपनाना चाहते थे। यही भ्रातृप्रेम है. भरत ने भगवान की चरण पादुकाओं को अयोध्या ले जाकर सिंहासनारूढ़ किया। चौदह वर्ष तक उनकी सेवा की. यह भ्रातृ प्रेम की पराकाष्ठा है. श्री राम कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

## णमोकार महामंत्र दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व णमोकार महामंत्र दिवस के अवसर पर श्री दिगंबर जैन सिंघई मंदिर दमोह में जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा दमोह के आह्वान पर णमोकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी श्रावक श्राविकाओं ने णमोकार मंत्र का सामूहिक जाप करके सभी के स्वास्थ्य लाभ एवं विश्व में शांति हो, प्रत्येक प्राणी मात्र का कल्याण हो, इस भावनाओं के साथ पूरे वातावरण को प्रमुख कार्य की ध्वनि से गुंजायमान किया। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन नई दिल्ली में समाज जनों के साथ णमोकारमंत्र महामंत्र का जाप किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी भोपाल में समाज जनों के बीच पहुंचकर णमोकार मंत्र का जाप किया एवं सभी समाज जनों को भगवान महावीर स्वामी के जन्म महोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## शक्ति की भक्ति में डूबा रहा बनवार

**बनवार।** चैत्र नवरात्रि में, नौ दिन तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा के बाद, बनवार के दरवाजे मुहल्ले में चल समारोह निकालकर भक्तों ने दसमीं की देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया, दसमीं की सुबह हवन पूजन कन्या भोज के दुर्गा प्रतिमा का चल समारोह बड़े भक्ति के साथ ढोल नगाड़ों की धुन पर नाचते गाते भक्तों द्वारा निकाला गया चल समारोह दरवाजे मोहल्ला से शुरू हुआ और पूरे ग्राम में भ्रमण करते हुए विसर्जन घाट व्यारमा नदी पहुंचा इसके पहले दुर्गा प्रतिमा चल समारोह जहां से निकला वहां माता रानी की महिलाओं ने आरती थाल सजाते हुए आरती उतरी और परिवार के लिए सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा चल समारोह मैं सुरक्षा व्यवस्था की कमान चौकी प्रभारी मनीष यादव के द्वारा खुद संभाली गई थी पंडित उमाशंकर शास्त्री ने बताया शारदेय नवरात्रि की तर्ज पर दुर्गा पूजा के लिए ग्राम के दरवाजे मोहल्ले में करीब तीन दशक से दुर्गा प्रतिमा रखने की परंपरा चली आ रही है यहां भक्त 9 दिनों तक माता रानी की पूजा अर्चना करते हैं और दसवें दिन माता रानी की विदाई वेला में भव्य चल समारोह निकाला जाता है और पूरा ग्राम चल समारोह में शामिल होकर माता रानी की विदाई करते है शक्ति की आराधना के इस पर्व में ग्राम वासियों का भक्ति उत्साह देखते ही बनता है।

## झूलेलाल जयंती के अवसर पर कराई सिंधी प्रीमियम लीग



**दमोह।** सिंधी समाज के आराध्य देव श्री वरुण देव के अवतार भगवान झूलेलाल जी की जयंती पर्व पर सिंधी प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट आयोजित किया गया यह 31 मार्च से 6 अप्रैल 2025 तक खेला गया जिसमें 10 टीमों ने भाग लिया। चैंपियन क्रिकेट क्लब मस्त कलंदर, सिंधी ईगल्स, लाडल जा लाडला, व्हाइट टाइगर, नोतानी ब्रदर्स, सिंधी रॉयल्स, यंग विजेता, ब्लैक वॉरियर्स, लाल साईं ग्रुप, 6 अप्रैल 2025 दिन रविवार को फाइनल मैच खेला गया फाइनल मैच यंग विनर बनाम सिंधी रॉयल का हुआ जिसमें यंग विजेता विनर रही शानदार आयोजन का उद्घाटन सिंधी समुदाय के प्रमुख झूलेलाल सेवा समिति सिंधी पूज्य पंचायत सामाजिक मुख्य अतिथि अंजू खत्री विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष, डॉ विनोद कुकरेजा हरगोविंद लालवानी, सुनील मखीजा, सतीश मखीजा, विनोद अमलानी, विवेक कुकरेजा, मदन लालवानी, राजा आहूजा रोशन छंतानी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह आयोजन सिंधी युवाओं को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा और आने वाले समय में ईऐ प्रकार के आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा।

# भगवान महावीर के संदेशों से संभव है विश्व में शांति की स्थापना

### महावीर स्वामी ने अहिंसा परमो धर्म व जियो और जीने दो का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

अहिंसा परमो धर्म की सीख हमें व्यावहारिक जीवन में किसी को कष्ट नहीं पहुंचाने की प्रेरणा देती है भगवान महावीर की मूल शिक्षा अहिंसा परमो धर्मः संदेश को अपनी वाणी और अपने जीवन से वह प्रतिष्ठा दिलाई कि अहिंसा के साथ उनका नाम ऐसा जुड़ गया कि दोनों को अलग कर ही नहीं सकते। महावीर जयंती पर अहिंसा के संदेश को लेकर जैन समाज के युवाओं एवं समाजसेवी ने कहा है कि अहिंसा का सीधा साधा अर्थ यही है कि जीवन में हम किसी को कष्ट नहीं पहुंचाएं किसी प्राणी को अपने स्वार्थ के लिए दुःख न दें इस बात का अनुशरण खुद करने के साथ दूसरों को भी यही संदेश पहुंचा रहे हैं। इस भावना के अनुसार सभी को उनके जीवन से सीख लेने मैसेज कर रहे हैं।

### संयम की मिलती है सीख

यूथ के अनुसार महावीर स्वामी के जीवन से हमें संयम की सीख मिलती है वहीं हमें दूसरे व्यक्त्तियों से ऐसा व्यवहार करने जैसा कि हम उनसे अपने लिए अपेक्षा करते हैं इसके भाव जागृत होते हैं। उनके सत्य, अहिंसा के उपदेश एक खुली किताब की भांति है। महावीर ने एक राजपरिवार में जन्म लिया परिवार में ऐश्वर्य, धन संपदा की कोई कमी नहीं थी जिसका वे मनचाहा उपभोग भी कर सकते थे किंतु युवावस्था में कदम रखते ही उन्होंने संसार की सारी सुविधाओं का त्याग कर सभी को जीवन के मूल उद्देश्यों का सामना करने क्षमता प्रदान की है युवाओं के अनुसार वे भी उनके जीवन का अनुशरण सभी को करने का संदेश दे रहे हैं।



स्वेता जैन कहती है कि महावीर स्वामी ने अहिंसा परमो धर्माः की सीख दी है। हर जीवित प्राणी के प्रति दयाभाव ही अहिंसा है घृणा से मनुष्य का विनात होता है सभी जीवित प्राणियों के प्रति सम्मान का भाव ही अहिंसा है शांति और आत्मनियंत्रण ही सही मायने में अहिंसा है।
**स्वेता जैन, तेन्दूखेड़ा**



सनमत जैन कहते है कि खुद पर विजय प्राप्त करना लाखों शत्रुओं पर विजय पाने से बेहतर है, अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है हमें महावीर जी के जियो और जीने दो के संदेश पर कायम रहना चाहिए।
**सनमत जैन तेन्दूखेड़ा**



धर्मेंद्र जैन कहते हैं कि अपने आप पर विजय प्राप्त करना अनेकों शत्रुओं पर विजय पाने से बेहतर है इन सभी बातों का अनुशरण कर रहे है।-
**धर्मेंद्र जैन तेंदूखेड़ा**




चेतन जैन कहते हैं कि महावीर के संदेश से प्रेरणा लेकर युवा सच्ची सुख की प्राप्ति व अपनी गलतियों पर काबू पाने की शक्ति देवलप कर रहे हैं।
**चेतन जैन तेन्दूखेड़ा**



स्वाति जैन कहती है कि जिस तरह आपको दुख पसंद नहीं है, उसी तरह दूसरे भी इसे पसंद नहीं करते हैं। यह जानते हुए भी, आपको दूसरों के साथ वही व्यवहार करना चाहिए जो आपको खुद के लिए पसंद हो।



रजनी जैन कहती है कि सभी मनुष्य अपने स्वयं के दोष की वजह से ही दुखो होते हैं और वे खुद अपनी गलती सुधारकर प्रसन हो सकते हैं स्वयं से लड़ों, बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना, जो स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेगा उसे आनंद की प्राप्ति होगी
**रजनी जैन, तेंदूखेड़ा**



सतेन्द्र जैन कहते हैं कि भगवान महावीर कहते थे स्वयं से लड़ो बाहरी दुश्मन से क्या लड़ना। इससे हमें स्वयं से लड़ने की प्रेरणा मिलती है।



शुभम जैन कहते हैं कि महावीर जी का जीवन त्याग और तपस्या से ओतप्रोत था उन्होंने दुनिया को सत्य अहिंसा का पाठ पढ़ाया अर्चोर्य ब्रह्माचर्य और अपरिग्रह के व्रतों का पालन करने की शिक्षा दी महावीर जी ने जो प्रेरणा दी है उसका पालन करते हुए ही युवा समाज देश दुनिया का भला कर सकते हैं।
**शुभम जैन तेन्दूखेड़ा**



कविता जैन कहती हैं कि लालच, द्वेष, क्रोध, चमंड, आसक्ति व नफरत जैसे मुद्दों से दूर रहने के साथ हमें स्वयं से लड़ने की प्रेरणा मिली है भगवान महावीर से हमें संयम की सीख मिलती है । **कविता जैन तेन्दूखेड़ा**

## जबेरा देवालय में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

**बनवार ।** जबेरा के सिद्ध पीठ नरसिंह देवालय में चैत्र नवरात्रि के दसवें दिन जय नरसिंह सेवा समिति द्वारा मां दुर्गा की भव्य चल समारोह शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नरसिंह देवालय से शुरू होकर नया बाजार होते हुए पूरे नगर में भ्रमण के लिए निकाली गई, जिसमें भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े और अन्य वाद्य यंत्रों के साथ चल समारोह जुलूस निकाला गया। शोभायात्रा के बाद रात्रि जगराता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बुंदेलखंड के लोकगीत कलाकारों और नन्हे मुन्ने बच्चों ने सुंदर प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को आर्या पब्लिक स्कूल के संचालक अवध बिहारी तिवारी के सौजन्य से सील्ड प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अगले दिन सुबह, मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन कटाव धाम स्थित नदी में किया गया। विसर्जन से पहले मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गई और उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और मां दुर्गा की भक्ति में डूबकर उनकी पूजा-अर्चना की।

### जिले भर में जैन समाज करेगी विविध आयोजन

## भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती महोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

परंपरानुसार जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण महोत्सव के अवसर पर समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा 10 अपैल 2025 को निकाली जाएगी। शोभायात्रा सिटी नल से प्रातः 7:30 बजे प्रारंभ होकर पुराना थाना, बकोली चौराहा, घंटाघर, राय चौराहा होती हुई नसिया मंदिर जैन हाई स्कूल पहुंचेगी, जहां पर श्री जी का अभिषेक शांति धारा एवं आरती एवं पूजन संपन्न होगी।

उपरोक्त जानकारी भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के संयोजक महेश दिगंबर ने प्रदान करते हुए बताया कि नसिया मंदिर में अभिषेक एवं पूजन उपरांत पुनः शोभायात्रा राय चौराहा घंटाघर से धगट चौराहा चौधरी मंदिर बड़ा मंदिर से होती हुई सिटी नल पहुंचेगी। शोभा यात्रा के निर्देशन एवं व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जैन मिलन नगर शाखा प्रमुख को प्रदान की गई है। शोभायात्रा में ढोल नगाड़ा डीजे आदि के अलावा बड़ी संख्या में रथ पर श्रावक श्रेष्टि आकर्षक वेशभूषा में सवार रहेंगे। शोभायात्रा में विभिन्न महिला मंडल को अपनी विशेष वेशभूषा में आमंत्रित किया गया है दमोह नगर के विभिन्न मंदिरों की समितियां जुलूस में झांकी के रूप में श्रीजी को पालना में झुलाकर अपने साथियों के साथ सम्मिलित होगी। शोभायात्रा के मार्ग को तोरण द्वारों बैनर झंडा आदि से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है घंटाघर पर भगवान महावीर की आदम कद स्टैचू के साथ विशेष रूप से सजाया गया है रात्रि में यहां विशेष लाइटिंग भी की गई है सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रातः काल सिटी नल पर सिंघई धर्मशाला में एवं शोभायात्रा के पश्चात पारस पैलेस में अल्पाहार की व्यवस्था की गई है। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई ने सभी श्रद्धालुजनों से शोभायात्रा में परंपरागत वेशभूषा में सम्मिलित होने की अपील की है। भगवान महावीर स्वामी का जन्म 2624 वर्ष पूर्व बिहार के कुंडलपुर ग्राम मंभ क्षत्रिय परिवार में हुआ था 30 वर्ष की आयु में राज्य वैभव को त्याग कर सन्यास धारण किया था 13 वर्ष की कठोर तप के बाद उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी और उन्होंने प्राणी मात्र के कल्याण के लिए धर्म उपदेश दिए थे।

### विश्व शांति के लिए णमोकार मंत्र- मुनिश्री अभय सागर जी

**पथरिया।** निर्यापक मुनिश्री अभयसागर ने कहा कि जैन धर्म का सबसे बड़ा मंत्र णमोकार मंत्र है। इस मंत्र को किसी ने नही बनाया, यह अनादि मंत्र है। यह ऐसा मंत्र है जिसके स्मरण से पाप कर्म तत्काल नष्ट हो जाते हैं। ये एक अचूक मंत्र है और इसकी साधना का फल अवश्य ही मिलता है। इस महा मंत्र के जपने से पूरे जीवन विपत्तियों नष्ट हो जाती है। यह मंगल प्रवचन 9 मार्च विश्व णमोकार महामंत्र दिवस सिद्धचक्र महामंडल विधान के अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में कहें । मुनिश्री ने कहा कि णमोकार मंत्र से बड़े से बड़ा संकट भी टल जाता है। जैन शास्त्रों में णमोकार मंत्र को पंच मंगल मंत्र, अपराजित मंत्र, मंत्र राज, नवकार मंत्र, मूल मंत्र, मंगल सूत्र, महामंत्र, अनादि निधन मंत्र सहित आदि नामों से जाना जाता रहा है। मुनिश्री चंद्रसागर ने कहा कि णमोकार महामंत्र 84 लाख मंत्रो का जनक है।इस मंत्रो को जपने से सारे कर्म नष्ट हो जाते हैं इस कारण उनमें पूज्यता आ जाती है। मुनि श्री ने कहा कि यह मंत्र प्राकृत भाषा में लिखा गया है। इस मंत्र में संसार की ऐसी पवित्र आत्माओं को नमस्कार किया गया है जिन्होंने संसार के मोह जाल को छोड़ दिया और आत्मा साधना पर लग कर अपना और दूसरे जीवों का कल्याण करने में लग गए। वह आत्माएं अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु परमेष्टि की है। इन पवित्र आत्माओं का चिंतन करने से अशुभ कर्म नष्ट हो जाते। पुण्य का संचय होता है वह पुण्य ही सुख देने वाला होता है। संसार के सारे सुख पुण्य से ही मिलते है णमोकार मंत्र का मर्मज्ञ बताते हुए मुनि श्री ने कहा कि वर्तमान में आचार्य,उपाध्याय और साधु परमेष्ठी के साक्षात दर्शन होते तथा अरिहंत और सिद्ध भगवान की प्रतिमा का दर्शन होता है। मुनि श्री ने णमोकार मंत्र की महिमा बताते हुए कहा कि णमोकार मंत्र 18432 प्रकार से बोल सकते है। इस मंत्र का सब से छोटा रूप ओम है जिसमें पांचो परमेष्ठी गर्भित है। णमोकार मंत्र में कुल 58 मात्राएं, 35 अक्षर, 34 स्वर, 30 व्यंजन और 5 पद हैं। आठ करोड़ आठ लाख आठ हजार आठ सौ आठ बार लगातार णमोकार मंत्र का जाप करने से शाश्वत सुख की प्राप्ति होती है कार्यक्रम विधान का संचालन वाणी भूषण संजीव भैया कटंगी द्वारा किया गया। मुनिश्री अभयसागर के सानिध्य में महावीर स्वामी जयंती प्रथम तीर्थंकर महावीर स्वामी जी जन्म जयंती सुबह आठ बजे श्रीजी की शोभा यात्रा निकाली जावेगी। रात्रिकालीन में आरती का आयोजन किया जाएगा।



### कल से नपा कर्मचारी संघों की संयुक्त कामबंद हड़ताल

**दमोह।** नगर पालिका कर्मचारी संघों द्वारा काम बंद हड़ताल की जाएगी जिसमें सामान्य एवं सफाई कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में यह हड़ताल आयोजित होगी जिसको लेकर संघ के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम दिया। जानकारी देते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ अध्यक्ष राकेश जैन इकाई अध्यक्ष यशवंत सिंह मजदूर संघ अध्यक्ष सुनील करोसिया प्रभात (चंकी) कछवाहा प्रदेश महामंत्री मजदूर संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि अपनी समस्याओं को लेकर 9 दिसंबर 2024 से हड़ताल की थी जो कि 10 दिसंबर तक चली थी जिसमें जिला प्रशासन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आश्वाशन के बाद हड़ताल को स्थगित कर दिया था परंतु आज दिनांक तक किसी भी समस्या या मांग का निराकरण नहीं हुआ न ही सकारात्मक जवाब दिया गया अब सभी कर्मचारी संयुक्त रूप से कल 11 अप्रैल से अपनी उचित मांगो को लेकर कामबंद हड़ताल पर जाएंगे जिसकी समस्त जवाबदेही जिला प्रशासन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की होगी।

## संविधान का अमृत महोत्सव पर हुआ सेमिनार



**दमोह।** संविधान के अम्रत महोत्सव पर ञ्मेरा संविधान मेरा स्वाभिमानञ्ञ विषय पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राजनीति विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ आलोक जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ आलोक जैन ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वह नियमित रूप से महाविद्यालय में उपस्थित होकर न केवल अध्ययन करें बल्कि शासन के द्वारा उन्हें दी जा रही सुविधाओं का भी उपभोग करें। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता और संयोजक डॉ इन्दिरा जैन ने संविधान की मूल आत्मा उसकी भावना, उद्देश्य, उसके लक्ष्य, और उसमें किए गए नागरिक और व्यक्तियों के लिए प्रावधान पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि उसमें हर नागरिक और व्यक्ति को प्रतिष्ठा और गरिमा के साथ जीने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना की अंतिम पंक्ति में उल्लेखित तीन शब्द अंगीकृत अधिनियमित और आत्मअर्पित में से अंतिम शब्द आत्माअर्पित होना अभी बाकी है। डॉ एन आर सुमन ने कहा कि संविधान अपरिपक्व नहीं परिपक्व सर्वोच्च विधान है। इसकी सफलता इसी बात में है कि आज तक हमारे देश में संविधान, विधि, विधान, शासन प्रशासन के खिलाफ कोई क्रांति नहीं हुई। संविधान के लचीलेपन ने सामाजिक परिवर्तन के अनुकूल हर चीज को समाहित किया है। शासकीय आदर्श महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डां कीर्ति काम दुबे ने कहा कि संविधान हमें अधिकार और कर्तव्य दोनों देता है पर हम जितने लालायित अधिकारों के लिए दिखाई देते हैं उतना ही कर्तव्यों के प्रति होना अनिवार्य है। संस्कृत के सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र धाकड़ ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्मशास्त्र पहले आये संविधान बाद में पर संविधान में सभी धर्म ग्रन्थों, हमारी संस्कृति और सभ्यता को समाहित किया गया है। धीरज जांनसन ने चार आश्रमों की बात कही उन्होंने कहा कि मैं तो वानप्रस्थ की ओर हूं पर आप विद्यार्थी ब्रह्मचर्य में है क्या आप अपने दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं, यह चिंतन का विषय है। डॉ सिकंदर डुलगज ने कहा कि संविधान सिर्फ लोकतंत्र की ही नहीं हम सभी की आत्मा है। हमारी रक्त वाहिनी है संजीवनी है। संविधान सभा में अतिशय मंथन के बाद यह अम्रत देश को प्राप्त हुआ है। इस दौरान राजनीति विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी निधि मिश्रा,सारिका पाठक, मोहिनी पटेल,अनुप्रिया सिंह राजपूत,हीरा अहिरवाल,प्रशांत पटेल, श्रेया सोनी,अनुराग पटेरिया,श्री राम अहीरवाल,दीपक चौधरी, निशांत मेहरा,अनमोल जैन, और शिवा पाठक ने भी भारतीय संविधान पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिल जैन ने किया।

## खेलते समय छत से गिरने से डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मौत

**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिंडरई में सुबह 8 बजे एक डेढ़ साल का मासूम बच्चा खेलते खेलते छत से नीचे जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस कारण पूरे परिवार में हड़कंप मच गया अपने डेढ़ साल के मासूम बच्चे की मौत पर मां का बुरा हाल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार बुधवार की सुबह ग्राम पिंडरई में कुलदीप पिता बृजेश पाल का डेढ़ साल का मासूम सुबह सो कर उठा और खेलते खेलते छत पर आ गया और पता ही नहीं चला कब वह नीचे गिर गया और मौत के गाल में समा गया। जब तक मां उसके पास पहुंची तब तक उसकी मौत हो गई लेकिन परिजन मासूम को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और घटना की सूचना पुलिस को दी गई जहां पुलिस की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## फर्जी डॉक्टर से पूछताछ में सामने आ रहे चौकाने वाले खुलासे, डिग्री व सर्टिफिकेट की हो रही जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

पुलिस रिमांड पर लिये गये चर्चित फर्जी डाक्टर एनजान कैम (नरेन्द्र यादव) मामले में पूछाताछ के दौरान चौकान वाले खुलासे सामने आ रहे है। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पूरा मामला फर्जीवाड़ा प्रतीत हो रहा है। उक्त व्यक्ति द्वारा जो एमडी की व जो अन्य डिग्रीयां है वह फर्जी प्रतीत हो रही है। इनमें एक पांडेचेरी यूनिवर्सिटी की डिग्री जिसमें चांसलर के रूप में तत्काली राष्ट्रपति के सिग्नेचर है, वह भी किसी अन्य के प्रतीत हो रहे है। पूछताछ के दौरान के व्यक्ति ने विदेश में कुछ पढ़ाई करने के दस्तावेज, सर्टिफिकेट दिये है जिनकी जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया उक्त दस्तावेज भी कूटरचित ही प्रतीत हो रहे है। पुलिस लगातार पूछता कर रही है जिसमें आगे भी चौकाने वाले खुलासे सामने आ सकते है।

### अस्पताल प्रबंधन बोला: मरीजों के हितार्थ अस्पताल में बुलाया था कार्डियोलॉजिस्ट, हमारे साथ भी धोखा

**दमोह।** मिशन अस्पताल प्रबंधन श्रीमती पुष्पा खरे ने बताया कि बीते लगभग 30 वर्षों से संचालित दमोह का मिशन अस्पताल जो नगर व जिले वासियों की निरंतर सेवा भाव से इलाज करता आ रहा है । जिले वासियों को दूर ना जाना पड़े इलाज के लिए इसी मक़सद से वो सब सुविधाऐ यहाँ उपलब्ध कराई गईं। जिसमें जिले में लोगों की सुविधाओं के लिए इकलौती कैथलैब मशीन बुलवाई ताकि कम दामों में दमोह वासियों को भी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर की सुविधा दमोह में ही मिल सके इसके लिए डॉक्टर्स के प्लेसमेंट के लिए बनी मध्यप्रदेश शासन की मान्यता प्राप्त एजेंसी इंटीग्रेटेड वर्कफोर्स यूनिक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर आया जिसका प्रतिमाह 8 लाख रुपये मिशन अस्पताल देता रहा। डॉक्टर और उतना ही उस एजेंसी को जिसने डॉक्टर उपलब्ध कराया लेकिन डॉक्टर उपलब्ध कराने वाली संस्था ने फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर एन जॉन केम उर्फ नरेंद्र यादव नाम के व्यक्ति को भेजकर मिशन अस्पताल के साथ छलावा एवं धोखाधड़ी की जिसकी शिकायत खुद मिशन अस्पताल प्रबंधन ने भोपाल में दर्ज कराई यह बात अस्पताल प्रशासन की ओर से सामने आई। मिशन अस्पताल प्रबंधन का यह भी मानना है कि जब शासन से मान्यता प्राप्त संस्थाओं से हम लोगों को फर्जी डॉक्टर मिलेगें तो कार्यवाही भी ऐसी संस्थाओं के खिलाफ होनी चाहिए । जबकी मिशन अस्पताल का संचालन 30 वर्षों से लोगों की सेवा के लिए किया जा रहा है। कोविड कॉल में जब लोगों के जीवन पर कोरोना का संकट आया तब ऐसी परिस्थिति में पहला ऑक्सीजन प्लांट मिशन अस्पताल ने ही जिले वासियों के लिए समर्पित किया थासिर्फ ऑक्सीजन प्लांट बल्कि पूरा अस्पताल कोविड सेंटर में तब्दील कर दिया था इसके अलावा जब कहीं डायलिसिस मशीन नहीं थीं दमोह के लोगों को सागर या अन्य बड़े शहरों में अपने परिजनों के लिए परेशान होंना पड़ता था वो डायलिसिस मशीनें भी उपलब्ध कराई गई एक नहीं अनेक डायलिसिस मशीनों की सुविधाएं दमोह जिले वासियों के लिए दी गई जबकि जिले भर में यह सुविधा कहीं नहीं। इसमें यह भी ध्यान रखने की बात है कि सभी धर्मों के लगभग 100 कर्मचारियों के परिवार मतलब पाँच सौ लोगों का जीवन निर्भाह मिशन अस्पताल के माध्यम से हो रहा है । ऐसे कार्यवाही उस दोषी संस्थान पर हो जिसनें आठ लाख रूपये प्रतिमाह वेतन पर बिना जाँच पड़ताल के एक फ़र्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर को को भेज दिया ।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम जांच करके लौटी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की टीम 07 अप्रैल को प्रात लगभग 11 बजे आई थी और आज नौ तारीख को लगभग प्रात 11 बजे आज टीम रवाना हुई है। टीम 2 दिन यहाँ पर रही है और उन्होंने जिस प्रकार की जांच पूछताछ करनी थी और तथ्यों को इकट्ठा करना था उन्होंने किया हैं। सन की ओर से जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन ने जो.जो उन्होंने जानकारियां मांगी गई उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अब आगे की जांच और निष्कर्ष के बारे में इस समय कुछ भी कहना न तो संभव है न उचित है और मुझे लगता है कि अब हमें प्रतीक्षा करनी चाहिए।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद दमोह, जिला-दमोह (म.प्र.)**
स्टेशन रोड, जिला-दमोह (म.प्र.) -470661
फोन नम्बर 07812-222068 E-mail:-cmodamoh@mpurban.gov.in

पत्र क्र./ लो.नि.शा./न.पा./2025/37 — **ई-निविदा सूचना** — दमोह, दिनांक. 7/04/2025

एतद द्वारा पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाइन ई-निविदा ई-टेंडरिंग पद्धति के अंतर्गत www.mpetenders.gov.in पर Key Date and time अनुसार आमंत्रित की जाती है।

| ई-टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD _415806_1 | (विधायक निधि) सिविल वार्ड नं.03 में विभिन्न स्थानों एवं विभिन्न निर्माण कार्य जैसे अतिरिक्त कक्ष, मंच एवं टीन शेड, आंगनवाड़ी की मरम्मत एवं चबूतरा निर्माण कार्य। | 5.81 लाख | 6000/- | 2000/- | 10/05/2025 |
| 2025_UAD _415381_1 | (विधायक निधि) सिविल वार्ड नं.05 में नाली, पेवर ब्लॉक एवं सिविल वार्ड 06 में जालीकृत बाउंड्रीवाल, लाईट का कार्य। | 4.22 लाख | 4500/- | 2000/- | 10/05/2025 |
| 2025_UAD _415519_1 | (विधायक निधि) मागंज वार्ड नं.04 में मुस्कीबाबा धाम में चबूतरा निर्माण कार्य। | 1.70 लाख | 2000/- | 2000/- | 10/05/2025 |
| 2025_UAD _415425_1 | (विधायक निधि) मागंज वार्ड नं. 01 मे सीसी रोड एवं हटा नाका मुक्तिधाम में सीसी रोड निर्माण कार्य। | 4.10 लाख | 4500/- | 2000/- | 10/05/2025 |
| 2025_UAD _415523_1 | (विधायक निधि) नया बाजार 05 में हरिजन धर्मशाला निर्माण, नया बाजार 04 में बलराम जाटव से राजेश अहिरवाल तक सीसी रोड निर्माण, नया बाजार 01 में तमरयाई कुंआ से मंटू लटरी तक सीसी रोड निर्माण, नया बाजार 01 में चबूतरा एवं आर. सीसी शेड निर्माण कार्य । | 8.52 लाख | 9000/- | 2000/- | 10/05/2025 |

नोट :- 1. निविदा में किसी भी प्रकार संसोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mpetenders.gov.in की वेवसाइड पर ही प्रकाशित किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दमोह**



























